16- **<u>कोतवाली में बजी शहनाई पुलिसकर्मी बने बाराती</u>**

कोतवाली में बजी शहनाई पुलिसकर्मी बने बाराती

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

शहर की एक कोतवाली रविवार रात शहनाइयों से गूंज उठी और बाराती पुलिसवाले बने। यह वाकया कोतवाली वजीरगंज में देखने को मिला, जहां युवती ने काजी को बुलाकर कोतवाली में निकाह पढ़वाया। इस शादी को देखने के लिए मजमा लग गया। परिवारीजन हंसी-खुशी बहू को लेकर वापस चले गए।

पुलिस के मुताबिक, वजीरगंज क्षेत्र के एक डॉक्टर की क्लीनिक पर काम करने वाली युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर चार साल तक यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाते शनिवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार सुबह इंस्पेक्टर विजय सेन युवक-युवती व परिवारवालों को कोतवाली बुलाया। कोतवाली में दोनों परिवारों के बीच सुबह से शाम तक पंचायत चलती रही। आखिर में जेल जाने के डर से युवक देर शाम साढ़े सात बजे शादी के लिए राजी हो गया। युवती ने काजी एस वसीम को बुलाकर कोतवाली में रात साढ़े आठ बजे निकाह कराया। कोतवाली में शहनाई गूंजी और पुलिसवाले बाराती बनकर खड़े रहे। दुल्हा-दुल्हन ने पुलिसकर्मियों का आभार जताते हुए कोतवाली में मिठाई बांटी। इस शादी को देखने के लिए आस पास लोगों का हुजूम पड़ा था। इंस्पेक्टर विजय सेन ने बताया कि युवक-युवती शादी के लिए राजी हो गए थे। वहीं, दुल्हन ने बताया कि इंस्पेक्टर विजय सेन की संजीदगी से दो जिंदगी खराब होने से बच गईं। इंस्पेक्टर ने युवक को समझाकर कोतवाली में सुलह के लिए बैठाया था। दोनों परिवारीजनों को बुलाकर चौकी पंचायत की और आखिर में युवक शादी के लिए राजी हो गया। बताया कि पुलिसवाले दोनों घरवालों के लिए फरिश्ते बन गए।

कोतवाली में निकाह घरवालों ने पुलिस का जताया आभार

निकाह के बाद युवती व युवक।

दिनांक 15.01.17 को जनपद लखनऊ के थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक डाक्टर की क्लीनिक पर काम करने वाली युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर चार साल तक यौन शोषण किये जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायत की थी। रविवार सुबह इंस्पेक्टर विजय सेन ने युवक-युवती व परिवारीजनों को कोतवाली बुलाया। दोनों परिवारीजनों के बीच पंचायत चली। जिसपर युवक शादी के लिये राजी हो गया। युवती ने काजी एस0 वसीम को कोतवाली में बुलाकर रात निकाह कराया। कोतवाली में शहनाई गूँजी और पुलिसकर्मी बाराती बनकर खडे रहे। दुल्हा-दुल्हन ने पुलिसकर्मियों का आभार जताते हुए कोतवाली में मिठाई बांटी।